संक्षिप्त

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

मदनगंज-किशनगढ,(निसं)। आयुष विभाग व भारत विकास परिषद की और से पीटीएस मैदान में योग दिवस मनाया गया। पतंजली योग समिति हरिद्वार से प्रशिक्षित योग शिक्षक- शिक्षिकाओ द्वारा राष्ट्रगान के साथ सामूहिक योग कराया गया। सांसद भागीरथ चौधरी, आयुष विभाग से रंजन यादव, तहसीलदार मोहन सिंह राजावत, आरपीटीसी प्राचार्य नरेंद्र चौधरी, ओमप्रकाश मेनावत अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सांसद चौधरी ने योग समिति प्रशिक्षिक गिरधारी अमरवानी, कैलाश कुमावत, महेश मुन्दडा, सरोज शर्मा, संगीता अग्रवाल, सरोज मालू, मानकंवर गोयल का सम्मान किया। इस दौरान भाविप सचिव नंदकिशोर अग्रवाल, करण मेघानी, गोविंद अठावाल, सुनील अग्रवाल, विजय शर्मा, भगवान बाहेती, रामकिशोर बाहेती, करन मेघानी, प्रहलाद अग्रवाल, मनीष राजपुरोहित, राकेश लोया, ममता रावका, अंजली दरगड, तन्नू मेघानी, विभा पाटौदी सहित कई सदस्य मौजूद रहे। संचालन आनंद दरगड ने किया। अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में योग दिवस पर योगा कराया गया। सचिव विजय गोयल, मांगीलाल अग्रवाल उपस्थित रहे। आर के पाटनी महिला महाविद्याल में सचिव सुभाष अग्रवाल के सानिध्य में योग दिवस मनाया।

प्रतिभा खोज के आवेदन 24 जून तक

नागौर, (निसं)। मुख्य खेल अधिकारी वी.एस. पुनिया, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर के आदेशों की पालनार्थ प्रतिभा खोज ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 2022-23 का आयोजन 3 जुलाई तक जिला स्तर पर किया जाएगा। इसके लिए नागौर जिले में कबड्डी, खो-खो, फुटबाल, हैण्डबाल, बास्केबाल, वॉलीबाल, क्रिकेट व टेनिस बाल क्रिकेट शामिल किये गये है। जिला खेल अधिकारी भंवरराम सियाक ने बताया कि शिविर 2022-23 में भाग लेने वाले खिलाडियों की आयु 12 वर्ष से कम और 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु का सत्यापन स्कूल रिकॉर्ड के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 10 दिवसीय प्रतिभा खोज ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 2022-23 में भाग लेने हेतु खिलाडी जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र स्टेडियम नागौर से आवेदन प्राप्त कर 24 जून तक आवेदन भरकर जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र स्टेडियम नागौर में जमा करा देवें।

एमडीएसयू में योग दिवस मनाया

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर विज्ञान एवं मानवीय चेतना विभाग द्वारा पतंजलि भवन के प्रांगण में सुबह 7 बजे से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रार्थना से किया गया। सामान्य योग अभ्यास क्रम को निर्देशन डॉ लारा शर्मा ने प्रदान किया। कार्यक्रम में योग विभाग के साथ-साथ विश्वविद्यालय के लगभग 154 छात्र-छात्राओं शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने योगाभ्यास कुलपति के सानिध्य में किया। कार्यक्रम में प्रो प्रवीण माथुर, प्रो अरविंद पारीक, प्रो सुभाष चंद्र, डॉक्टर सुनील टेलर, डॉ मदन मीना, प्रो लक्ष्मी ठाकुर, एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

अजमेर, (कास)। शास्त्री नगर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को क्षेत्रवासियों ने हनुमान चालीसा का पाठ एवं भगवान श्री हनुमान जी की आराधना पूजा पाठ किया। कार्यक्रम में अशोक शर्मा, डॉ एस डी मिश्रा, हरिशंकर सारण, संजीव चतुर्वेदी, एसएस राठोड, इंजी. एन डी. वैष्णव, जयगोयल, राजेश दाधीच, आशीष भटनागर, अंकुर गोयल, बैजनाथ शर्मा, कृष्ण मुक्ति, दिनेश शर्मा आदि एव महिला ने भाग लिया। पंडित शिव कुमार जोशी ने विधि विधान से पूजा पाठ करवाई और सबका स्वागत किया। अंत में प्रसाद वितरण किया, डॉ एसडी मिश्रा ने बताया कि यह प्रोग्राम प्रतिदिन चलेगा, खासकर शनिवार मंगलवार को भी होगा।

अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

नसीराबाद, (निसं)। नसीराबाद सदर थाना अंतर्गत ग्राम दीलवाड़ा से गादेरी रोड पर आज मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर सदर थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 51 पव्वे अवैध देशी शराब सहित ग्राम गादेरी निवासी हनुमान जाट को गिरफ्तार कर नसीराबाद न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जमानत पर रिहा किया गया।

अजमेर डिस्कॉम ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शुरू की 189 हैल्प डेस्क

अजमेर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 11 जिलों में 189 हैल्प डैस्क की शुरुआत की है। इन हैल्प डैस्क का संचालन हैल्प डैस्क एजेंट के माध्यम से किया जाएगा। उपभोक्ता अब अपनी शिकायत दर्ज, ट्रैक, नए कनेक्शन के लिए आवेदन, मीटर शिफ्टिंग, लाइन शिफ्टिंग, पोल शिफ्टिंग तथा अन्य किसी भी प्रकार की समस्या के लिए हैल्प डैस्क के माध्यम से लाभ ले सकेंगे।

अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण ने 21 जून को मदार स्थित उपखंड कार्यालय से हैल्प डैस्क का उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि हमारा विभाग आम उपभोक्ताओं से सीधा जुड़ा विभाग है। हमारी प्राथमिकता उपभोक्ताओं की संतुष्टि है। इसीलिए डिस्कॉम क्षेत्र के लगभग हर उपखंड में हमने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कुल 189 हैल्प डैस्क खोले हैं। इससे उपभोक्ताओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने, उसे ट्रैक करने, नए कनेक्शन के लिए आवेदन करने, पोल शिफ्टिंग, लाइन शिफ्टिंग, मीटर शिफ्टिंग तथा अन्य जानकारी हासिल करने में आसानी होगी।

अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण ने मदार स्थित उपखंड कार्यालय से हैल्प डैस्क का उद्घाटन किया।

- हैल्प डैस्क एजेंट के माध्यम से उपभोक्ता अपनी शिकायत, आवेदन तथा अन्य समस्याओं को दर्ज तथा ट्रैक कर सकेगा
- उपभोक्ताओं की संतुष्टि ही हमारी प्राथमिकता : निर्वाण

उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ये सुनिश्चित करे कि हैल्प डैस्क एजेंट उपभोक्ता की शिकायत को शालीनता से सुनें। आवश्यकता पड़ने पर गरीब व अनपढ़ व्यक्तियों की एप्लीकेशन लिखने में मदद करे। हैल्प डेस्क बनाने का उद्देश्य ही उपभोक्ता की सेवा करना है। जरूरत पढ़ने पर उपभोक्ता को दस्तावेजों की फोटोकॉपी तथा स्कैन की सुविधा भी उपलब्ध कराएं। प्रबंध निदेशक निर्वाण ने विश्वास जताया कि हैल्प डेस्क के गठन होने से अधिकारियों का जो समय उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने में लगता था वह अब बच सकेगा। इससे उनकी कार्यकुशलता बढ़ेगी। निर्वाण ने बताया कि अजमेर विद्युत वितरण निगम ने अपने क्षेत्रधीन अजमेर सिटी सर्किल तथा जिला सर्किल में 20, भीलवाड़ा सर्किल में 18, उदयपुर सर्किल में 24, राजसमंद सर्किल में 13, चित्तौड़गढ़ सर्किल में 15, प्रतापगढ़ सर्किल में 7, डूंगरपुर सर्किल में 8, नागौर सर्किल में 28, बांसवाड़ा सर्किल में 8, झुंझुनू सर्किल में 19, सीकर सर्किल में 27 तथा आईटी सेल कार्यालय में 2 हैल्प डैस्क सहित कुल 189 हैल्प डैस्क की स्थापना की गयी है। इस मौके पर मदार स्थित उपखंड कार्यालय में निदेशक तकनीकी ए. के.जागेटिया, मुख्य अभियंता एम.एल.मीणा, एम.एस. झाला, अधीक्षण अभियंता ए.के.भटनागर, अधिशासी अभियंता आर.सी.बारहठ, बी.एस. शेखावत, प्रशांत पंवार अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात, लाखों का माल चोरी

बिजयनगर, (निसं)। सोमवार को रेलवे स्टेशन के समीप व्यस्ततम बाजार में विनोद कुमार गोयल के घर दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए चोर लाखों के स्वर्ण एवं चांदी के आभूषण सहित 38 हजार रुपए की नकदी चुरा कर ले गए। प्रार्थी विनोद कुमार गोयल ने पुलिस थाने में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि सोमवार को प्रतिदिन की तरह वे अपनी दुकान पर कारोबार के लिए निकल गए। घर पर कोई भी नहीं होने के कारण मेन गेट के ताला लगा हुआ था रात्रि को अपनी दुकान से वापस घर लौटने पर मेन गेट का ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गए। घर के अंदर जाकर कमरों में देखने पर अलमारी एव लोकर खुले मिले एव सामान बिखरा देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात चोरों ने सोने का रुद्राक्ष माला 30 ग्राम, सान का राम दरबार 20 ग्राम, सोने का ब्रेसलेट 10 ग्राम,चांदी के आभूषण अंगूठी सहित 38 हजार की नगदी चुरा कर ले जाने में कामयाब हो गए।

दिनदहाड़े चोरी की वारदात के बाद घर में बिखरा सामान देखकर पुलिस को सूचना दी।

- चोरी की घटनाओं से नागरिकों में दहशत, अपराधियों के हौसले बुलंद

चोरी की घटना की सूचना मिलने पर एएसआई तेजमल गुजर मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे एवं आवश्यक जानकारी जुटाते हुए अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की। शहर में दिनदहाड़े हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में दहशत है वही अपराधियों के हौसले बुलंद है।

कृषि आमुखीकरण कार्यशाला आज

नागौर, (निसं)। मुख्यमंत्री द्वारा 'समृद्ध किसान खुशहाल राजस्थान' की सोच के साथ वर्ष 2022-23 के प्रदेश में पेश किए गए प्रथम कृषि बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जन तक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिला स्तरीय कृषि आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सुबह 10.30 बजे से 2 बजे तक जिला परिषद सभागार में किया जाएगा। इसमें कृषि, उद्यान, कृषि विपणन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, जल संसाधन, उर्जा, सहकारिता एवं पशुपालन विभाग की कृषि बजट में शामिल गतिविधियों का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा पावर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन किया जायेगा। कार्यशाला के प्रभारी अधिकारी कृषि विस्तार के उप निदेशक होंगे। कार्यशाला में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों यथा सांसद, विधायक, जिला प्रमुख, प्रधान तथा जिला परिषद सदस्य भाग लेंगे।

सार-समाचार

योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

ब्यावर, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में तालुका विधिक सेवा समिति एवं अपर जिला न्यायाधीश द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी व उपकारागृह में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य आकर्षण रही 5 वर्षीय बालिका अरदास द्वारा अनुलोम-विलोम, कपालभांति, भ्रस्त्रिका, हलासन, चक्रासन, पश्चिमोतासन, भुजंगासन इत्यादि कर योगाभ्यास करवाया गया। शिविर में तालुका अध्यक्ष व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीशं स.2 संजय कुमार मीणा, न्यायिक अधिकारीगण राजेश्वर विश्नोई, ऋतु चंदानी, नीतू, अजय विश्नोई, विद्यालय प्रधानाचार्या विमला चौहान के अलावा विद्यालय व न्यायालय स्टॉफ, अधिवक्तागण आदि उपस्थित रहे। शिविर का संचालन संजय सिंह गहलोत ने किया। इस अवसर पर उपकारागृह ब्यावर में भी बालिका अरदास व उनके साथीगणों द्वारा बंदियों को योग प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कारापाल चतुर्भुज जाट, प्रहरी किरण, धमेन्द्र, राकेश, दिलीप सिंह उपस्थित रहे।

चोरों ने लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया

भीलवाडा, (निसं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की वैभवनगर कॉलोनी में बीती रात छत के रास्ते मकान में घुसे चोरों ने मकान में रखी आलमारी से 15 तोला सोने के साथ ही चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार वैभव नगर में मकान संख्या 310 निवासी प्रकाशचंद्र पुत्र बालूराम खटीक परिवार के साथ बीती रात खाना खाने के बाद कमरे में सो गये। इसके बाद सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि को करीब 2.30 बजे एक चोर दीवार फांदकर छत के रास्ते प्रकाशचंद्र के मकान में आया। उसने एक कमरे को बाहर से कुंदी लगाकर बंद कर दिया। इस कमरे में गृहस्वामी परिवार सहित सोया हुआ था। इसके बाद चोर ने एक कमरे में रखी आलमारी में सार-संभाल कर 15 तोला सोने के आभूषण जिनमें तीन तोला का हार, नेकलेस, 2 चेन, कान की बाली, चार चूडियां, लॉकेट, अंगूठियां, तीन जोडी टोप्स, चांदी के पायजैब, कडोलिये, आठ सिक्के आदि गहने चुरा लिये और फरार हो गया। मंगलवार सुबह परिवार के सदस्यों की नींद खुली तो दरवाजा बाहर से बंद था। यह देखकर पडौसी को सूचना दी। पडौसी ने आकर दरवाजा खोला। इसके बाद परिवार के लोग कमरे से बाहर आये। उन्होंने कमरों की जांच की तो उन्हें आलमारी खुली मिली और सामान बिखरा हुआ था। सोने-चांदी के गहने गायब मिले। यह देखकर परिवार के लोग सकते में आ गये। बाद में कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच पडताल शुरू की है।

हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

भीलवाडा, (निसं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की अंबेडकर कॉलोनी में मामूली बात को लेकर परिवार के बीच हुए झगडे में प्रौढ की मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक सिटी नरेंद्र दायमा ने बताया कि सोमवार शाम 6.49 बजे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि अम्बेडकर कॉलोनी में सिकलीगर लौहार परिवारों में झगडे में एक घायल व्यक्ति राजेश (45) पुत्र रमेश सिकलीगर को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई।

योग के माध्यम से निरोग रहने के गुर सिखाए

बिजयनगर, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार प्रातः भारत विकास परिषद व नगर पालिका के संयुक्त तत्वावधान मे विवेकानंद सर्किल महावीर बाजार बे योग एवं प्रयाणम के माध्यम से निरोग रहने के गुर सिखाए मंगलवार प्रातः 6 बजे प्रारंभ हुए योग कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

योगाचार्य हीरालाल धनोपिया एवं प्रशिक्षक श्याम सुंदर चौधरी द्वारा योग एवं प्राणायाम अनुलोम-विलोम, कपालभाति, उज्जायी सूक्ष्म व्यायाम, वृक्षासन, ताड़ासन व पादमुक्तासन सहित विभिन्न योग क्रियाओं का प्रशिक्षण देते हुए योग से निरोग रहने के गुर सिखाए कराया गया एवं उसके लाभ बताया गया। इस दौरान भारत विकास परिषद के अध्यक्ष जितेन्द्र पीपाडा, दिनेश कोगटा, रतन लाल नाहर, राजेंद्र पामेचा डॉ.कुंज लता सारस्वत, काशीराम जागेटिया, निर्मल बाफना, ज्ञानचंद नाहर विमल कोठारी, सुरेश छिपा, विनोद नाहर सहित विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राएं, युवा महिलाओं एवं वरिष्ठ जन कार्यक्रम में शामिल हुए। योग कार्यक्रम आयुर्वेदिक आँवला, एलोवेरा व गिलोय जूस का वितरण किया गया।

योग दिवस पर विभिन्न योग क्रियाओं द्वारा स्वस्थ्य रहने की जानकारी दी।

प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर होगी सख्त कार्रवाई

अजमेर, (कासं)। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 1 जुलाई से प्रदेश भर में सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण तरह प्रतिबंध लागू कर दिया गया है।

एक जुलाई से अगर कोई व्यक्ति प्रतिबंधित प्लास्टिक आइटम का उपयोग करता या फिर बेचता पाया जाता है तो उसके खिलाफ भारी भरकम जुर्माना लगाते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। अजमेर नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी रूपाराम चौधरी ने बताया कि 1 जुलाई के पश्चात यदि कोई सिंगल यूज प्लास्टिक व प्लास्टिक से बने उत्पादों का निर्माण, बेचान या उपयोग करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध आर्थिक जुर्माना लगाने के साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी, जिसमें सजा तक का प्रावधान है। इसलिए लोग अभी से ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उत्पादन, बिक्री व उपयोग बंद कर दे साथ ही प्लास्टिक के अलावा अन्य माध्यमों से बने उत्पादों को प्रयोग में लाएं। जिन प्लास्टिक पर बैन लगाया गया है उनमें प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड, गुब्बारे में लगने वाली प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, सजावट में काम आने वाले थर्माकोल, प्लास्टिक कप, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, प्लेट, गिलास, कांटा, चम्मच, चाकू, स्ट्रा-ट्रे जैसी कटलरी आइटम, मिठाई के डिब्बों पर लगाई जाने वाली प्लास्टिक, प्लास्टिक के निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट और 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले पीवीसी बैनर आदि पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। समारोह स्थलों के प्रबंधकों, हलवाईयों, कैटरिंग का व्यवसाय करने वालों एवं निर्माताओं को निर्माण व उपयोग नहीं करने हेतु पाबन्द कर दिया गया है। साथ ही शहर भर में उद्घोषक यंत्र के माध्यम से शहरवासियों को भी इनका उपयोग नहीं करने की अपील की जा रही है।

उपचार कराने आई युवती से दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अजमेर, (कास)। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में उपचार करवाने आई युवती से बलात्कार के मामले में मंगलवार को जिला पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

सीओ नॉथ छवि शर्मा ने जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में 13 जून की रात को उपचार कराने आई युवती के साथ रेप के मामले का मंगलवार को खुलासा किया है।

- आरोपी नर्सिंगकर्मी नहीं बल्कि प्राइवेट एंबूलेंस का स्टाफ का कर्मचारी जिसने नर्सिंग का कोर्स भी कर रखा है

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी युवक राजेश द्वारा युवती के साथ दुराचार जेएलएन अस्पताल से करीब 500 मीटर दूरी पर स्थित टीबी अस्पताल में हुआ था। गिरफ्तार आरोपी राजेश नर्सिंग कर्मचारी नहीं बल्कि प्राइवेट एम्बूलेंस का स्टाफ है, जिसने नर्सिंग का कोर्स कर चुका है। उसने युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश किया, फिर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद देर रात ही पीडिता के परिजनों ने सदर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस उपअधीक्षक छवि शर्मा ने बताया कि रामगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय युवती 13 जून की रात अपने मौसी के लडके के साथ इलाज के लिए जेएलएन अस्पताल आई थी, जहां रात 11 बजे जब अस्पताल पहुंची तो अस्पताल में उसके पूर्व परिचित नर्सिंगकर्मी नागौर निवासी राजेश से हुई। राजेश ने युवती के भाई को इलाज कराने का भरोसा देते हुए घर भेज दिया और युवती के इलाज की जिम्मेदारी लेते हुए युवती को आपातकालीन इकाई में भर्ती कर उसके ड्रिप लगाई।

इसी दौरान उसे नशीली दवा भी दे दी। इसके बाद उसके साथ बेहोशी की हालत में दुराचार किया। सदर कोतवाली थाना पुलिस को मिली शिकायत के बाद पुलिस ने पीडिता का मेडिकल कराया ओर उसके बयान दर्ज करने के बाद आरोपी राजेश को गिरफ्तार कर किया। आरोपी नर्सिंग कर्मचारी नहीं बल्कि प्राइवेट एम्बूलेंस का स्टाफ का कर्मचारी है, जिसने नर्सिंग का कोर्स भी कर रखा है।

उपचार कराने आई युवती से बलात्कार करने वाला आरोपित को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की।

योग दिवस मनाया

आसींद, (निसं)। भाजपा नगर मंडल आसींद द्वारा शहर के मध्य वार्ड नंबर 3 में सामुदायिक भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत माता को नमन कर दीप प्रज्वलन कर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण छिपा की अध्यक्षता में योगाचार्य महेंद्र मेवाड़ा ने योग एवं व्यायाम करा कर योग के बारे में संपूर्ण जानकारी देकर के मनाया।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की विजया राजे सिन्धिया नगर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 281 क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर के आवंटी/अन्तरिति श्री केदारनाथ केवलरामानी पुत्र श्री गिरधारी लाल केवलरामानी निवासी 434, आजाद नगर, कोटड़ा अजमेर की मृत्यु दिनांक 01.02.2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) श्रीमती रजनी देवी पत्नि स्व. श्री केदारनाथ केवलरामानी निवासी 434, आजाद नगर, कोटड़ा अजमेर (2) श्री धर्मेन्द्र कुमार केवलरामानी पुत्र स्व. केदारनाथ केवलरामानी निवासी 434, आजाद नगर, कोटड़ा अजमेर (3) श्री राजेश केवलरामानी पुत्र स्व. केदारनाथ केवलरामानी निवासी 434, आजाद नगर, कोटड़ा अजमेर (4) श्रीमती जानवी पत्नि श्री प्रकाश रिजवानी व पुत्री स्व. केदारनाथ केवलरामानी निवासी 328 केथूनीपोल सरेला हाऊस, कोटा (राज.) द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री कमलेश केवलरामानी पुत्र स्व. श्री केदारनाथ केवलरामानी निवासी 434, आजाद नगर, कोटड़ा अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 17.6.2022 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत भादसी पंचायत समिति बदनोर,भीलवाड़ा

क्रमांक/निविदा/2022-23/एसपीएल2 दिनांक 21.06.2022

ग्राम पंचायत भादसी द्वारा निम्नांकित कार्यो के लिए निविदाए आमंत्रित की जाती है –

UBN NO- ZBL2223WSRC00472 TO ZBL2223WSRC00474

अन्य विवरण जैसे निविदा शुल्क, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने/खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि कार्यालय समय मे ग्राम पंचायत कार्यालय व www.sppp.rajasthan.gov.in द्वारा जानी जा सकती है ।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भादसी

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

आम सूचना

श्रीमती सावित्रि देवी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता ने आवास संख्या 244 जेपी नगर (EWS) की लीज डीड हेतु आवेदन किया है। मूल आवंटी रमेश चन्द गुप्ता पुत्र श्री प्रभाती लाल ने उक्त आवास जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 20.08.1985 से श्रीमती रूक्मणी देवी पत्नी श्री कन्हैयालाल को विक्रय कर दिया। श्रीमती रूक्मणी देवी पत्नी श्री कन्हैयालाल ने उक्त आवास जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 27.10.1999 से श्रीमती सावित्रि देवी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता को विक्रय कर दिया। अतः क्रेता ने स्वयं को उक्त आवास का अंतिम क्रेता बताया है। अतः पश्चातवर्ती क्रेता को हस्तांतरण कर अंतिम क्रेता के नाम सीधे ही पंजीयन के सम्बन्ध में वित विभाग की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के क्रम में एंवम राज्य सरकार के प.3(1201) नविवि/3/2012 दिनांक 24.03.2021 की अनुपालना में उक्त आवास संख्या 244 जेपी नगर (EWS) श्रीमती सावित्रि देवी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता के नाम लीज डीड जारी किये जाने से किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में मय दस्तावेजों के शपथ पत्र सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता को आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्ति के पश्चात कोई भी उजर दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा एंव उक्त आवास संख्या 244 जेपी नगर (EWS) की श्रीमती सावित्रि देवी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता के नाम परिवर्तन कर लीज डीड जारी कर दी जावेगी। योजना प्रभारी अधिकारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत बराणा पंचायत समिति आसीन्द,भीलवाड़ा

क्रमांक/निविदा/2022-23/एसपीएल1 दिनांक 21.06.2022

निविदा सूचना संख्या 01/2022-23

ग्राम पंचायत बराणा द्वारा निम्न लिखित कार्यों हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों मे पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदको से निर्धारित प्रपत्र से मोहर बंद निविदाएं कार्य के सामने अंकित तिथि को दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत में बेची जाकर कार्य के सामने अंकित तिथि को 2.00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन ग्राम पंचायत स्तरीय कय समिति के समक्ष सायः 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। पंजिकृत संवेदको द्वारा शर्तो के अनुरूप दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्धारित निविदा शुल्क जमा करवाकर ही निविदा प्राप्त की जा सकेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र के साथ अमानत राशि का डिमांड ड्राफट/बैंकर चैक लिफाफे में **सरपंच ग्राम पंचायत बराणा पंचायत समिति आसीन्द जिला भीलवाड़ा** के पक्ष मे स्थानीय बैंक शाखाओं मे देय हो प्रस्तुत करना होगा। निविदा की शर्तो(परिशिष्ट-3) जी शिडुयल के साथ ही दी जायेगी। संवेदक द्वारा दी गई कोई शर्त मान्य नही होगी। यदि निविदा प्राप्त तिथि को राजकीय अवकाश होगा तो आगामी कार्यदिवस को विकय एवं प्राप्त की जायेगी। समस्त विवादो का न्यायिक क्षैत्र पंचायत समिति आसीन्द जिला भीलवाड़ा होगा।

निविदा विकय अन्तिम तिथि एवं समय	निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय
22.06.2022 से 01.07.2022 12.00 PM तक	01.07.2022 03.00 PM

क.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)	अमानत राशि	निविदा शुल्क
01	सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य पंचायत समिति परिसर आसींद	3.00	6000	200
02	सामुदायिक महिला शौचालय निर्माण पंचायत समिति परिसर आसींद	3.00	6000	200

सरपंच
ग्राम पंचायत बराणा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बराणा